आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 06.12.2024 समय: 2.10 PM

महापरिनर्वाण दिवस

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भीमराव आम्बेडकर की 69वीं पुण्यतिथि पर आज महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज भुवनेश्वर में बाबासाहेब भीमराव रामजी अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल पर बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बाबा साहब का समानता और मानवीय मर्यादा के लिए अथक संघर्ष लोगों को प्रेरित करता रहेगा। राजधानी भोपाल में कांग्रेस के साथ कई समाजसेवी संगठनों ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर बोर्ड ऑफिस चौराहे पर कांग्रेस ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

शिवराज कृषि

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में कहा कि किसानों का कल्याण हमारी प्रतिबद्धता है। हमने एमएसपी बढ़ाने का भी काम किया है और एमएसपी पर फसल खरीदने का भी। पिछले 10 वर्षों में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए 6 सूत्रीय रणनीति पर कार्य कर रही है।

रिजर्व बैंक नीति

रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने चार के मुकाबले दो के बहुमत से रेपो दर को छह दशमलव पांच शून्य प्रतिशत पर बनाए रखने का फैसला किया है। इसी तरह स्थायी जमा सुविधा दर छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और बैंक दर छह दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनी रहेगी। बैंक ने फरवरी 2023 से इन दरों पर यथास्थिति बनाए रखी है।

राम विवाह ओरछा

मध्य प्रदेश की अयोध्या कही जाने वाली भगवान श्रीराम राजा सरकार की नगरी ओरछा में हर साल की तरह इस बार भी 5 दिसंबर से 7 दिसंबर तक तीन दिवसीय राम विवाह महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर और ओरछा नगर की विशेष साज सज्जा भी की गई है। आज शाम को राम बारात निकाली जाएगी। इसके अलावा कल शेष वैवाहिक रस्म होंगी ।

तानसेन स्वर स्मृति

संगीत की नगरी ग्वालियर की फिजाएं आज की शाम सुर-साज की मीठी संगत से महकेंगी। मौका होगा "ग्वालियर का सांगीतिक वैभव" के नाम से सजने जा रही संगीत सभा का। इस कार्यक्रम को तानसेन स्वर स्मृति नाम दिया गया है। संगीत शिरोमणि तानसेन की याद में सालाना महोत्सव का इस साल शताब्दी वर्ष है। इस साल यह समारोह 15 से 19 दिसम्बर तक आयोजित होने जा रहा है.

मौसम

प्रदेश में अगले 2 दिन बाद मौसम फिर से बदलेगा। रात में तेज ठंड का दौर शुरू होगा । मौसम विभाग के अनुसार, अभी मौसम में कोई बदलाव नहीं होगा। रात के पारे में जरूर मामूली गिरावट हो सकती

है लेकिन दिन में तापमान 26 डिग्री से अधिक ही रहेगा। अभी उत्तर भारत में 240 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं। यह हवाएं ग्वालियर-चंबल में सबसे ज्यादा असर कर रही है। जब हवा की ऊंचाई कम होगी, तब प्रदेश में सर्द हवाओं से ठंड का असर और भी बढ़ जाएगा।

समाचार संक्षेप में...

1. श्री गुरू तेग बहादुर जी का 349वां शहीदी दिवस आज भारत और विदेशों में पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।
2. आगरमालवा जिले में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कृषि उपज मंडी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराध से बचाव पर जानकारी दी ।
3. भोपाल के सबसे बड़े सरकारी हमीदिया अस्पताल में अब प्रसव के दौरान जननी का दर्द कम करने के लिए बॉल और वाटर बाथिंग के जरिए पेनलेस डिलीवरी की शुरुआत होने जा रही है। और
4. शिवपुरी में अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्यवाही के क्रम में जिला प्रशासन की टीम ने कल ग्राम नागा बावडी में अवैध मुरम उत्खनन करते हुए 01 जेसीबी और 01 डंपर मुरम जप्त किया ।

....